**CBSE Class 09 Hindi Course A**
**NCERT Solutions**
**क्षितिज पाठ-01 प्रेमचंद**

**1. कांजीहौस में क़ैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी?**

**उत्तर:-** कांजीहौस में उन पशुओं को रखा जाता था जो लावारिस होते हैं, एक प्रकार से उन पशुओं की देखभाल की जाती है तथा समय-समय उनकी नीलामी भी की जाती है।वहाँ निम्नलिखित कारणों से पशुओं की हाजिरी ली जाती होगी-

1. पशुओं की संख्या का ठीक - ठीक पता रहे।
2. पशुओं की सेहत की जानकारी तथा पहचान रखने के लिए।
3. आवारा, उत्पात मचानेवाले पशुओं को अलग रखने के लिए।

**2. छोटी बच्ची का बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?**

**उत्तर:-** छोटी बच्ची का बैलों के प्रति प्रेम उमड़ने के निम्नलिखित कारण हैं -

1. छोटी बच्ची की माँ मर चुकी थी,वह सौतेलेपन का दर्द झेल रही थी,वह माँ के बिछुड़ने का दर्द जानती थी। उसे लगा कि वे भी उसी की तरह अभागे हैं और अपने मालिक से दूर हैं।
2. जिसप्रकार छोटी बच्ची को उसकी सौतेली माँ पेट भर खाना नहीं देती थी ,उसी प्रकार यहाँ हीरा-मोती के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा था ।

**3. कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति-विषयक मूल्य उभरकर आए हैं ?**

**उत्तर:-** इस कहानी के माध्यम से निम्नलिखित नीति विषयक मूल्य उभरकर सामने आए हैं :

1. एकता में शक्ति होती है ,अपने साथ -साथ दूसरों का हित भी सोचना चाहिए।
2. सच्चा मित्र मुसीबत के समय किसी भी स्थिति में कभी साथ नहीं छोड़ता है ।
3. समाज के सुखी-संपन्न लोगों को भी अन्य वर्गों की भलाई में योगदान देना चाहिए।
4. आज़ादी बहुत बड़ा मूल्य है। इसे पाने के लिए मनुष्य को बड़े-से-बड़ा कष्ट उठाने को तैयार रहना चाहिए।

**4. प्रस्तुत कहानी में प्रेमचंद ने गधे की किन स्वभावगत विशेषताओं के आधार पर उसके प्रति रूढ़ अर्थ 'मूर्ख' का प्रयोग न कर किसी नए अर्थ की ओर संकेत किया है ?**

**उत्तर:-** गधे को उसके सरल स्वभाव के कारण मूर्ख का पर्याय समझा जाता है। उसके स्वभाव में सहनशीलता भी देखने को मिलती है। इस कहानी में लेखक ने गधे की सरलता और सहनशीलता की ओर हमारा ध्यान खींचा है। प्रेमचंद ने स्वयं कहा है - "सदगुणों का इतना अनादर कहीं नहीं देखा। कदाचित इतना सीधापन संसार के लिए उपयुक्त नहीं है।" कहानी में भी उन्होंने सीधेपन की दुर्दशा दिखलाई है, मूर्खता की नहीं।

**5. किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ?**

**उत्तर:-** दो बैलों की कथा नामक पाठ में एक नहीं अनेक घटनाएँ हैं, जिनसे पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी। जैसे -

1. दोनों बैल हल या गाड़ी में जोत दिए जाते और गरदन हिला-हिलाकर चलते, उस समय हर एक की चेष्टा होती कि ज्यादा-से-ज्यादा बोझ मेरी ही गर्दन पर रहे।
2. दिन-भर के बाद दोपहर या संध्या को दोनों खुलते तो एक-दूसरे को चाट-चूट कर अपनी थकान मिटा लिया करते, नांद में खली-भूसा पड़ जाने के बाद दोनों साथ उठते, साथ नांद में मुँह डालते और साथ ही बैठते थे। एक मुँह हटा लेता तो दूसरा भी हटा लेता था।
3. मटर खाते समय मोती के पकड़े जाने पर हीरा भी वापस आ गया और दोनों ही कांजीहौस में बंदी बनाए गए,कांजीहौस की दीवार टूट जाने पर वे दोनो एकसाथ ही भागते हैंऔर दढ़ियल का मुकाबला भी करते हैं।

---

**6. "लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है, यह भूल जाते हो।" - हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिये।**

**उत्तर:-** हीरा के इस कथन से यह ज्ञात होता है कि उस समय समाज में स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं थी। समाज में स्त्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता था। उन्हें शारीरिक यातनाएँ दी जाती थीं। वे पुरुषों द्वारा शोषित थी। इसलिए समाज में ये नियम बनाए जाते थे कि उन्हें पुरुष समाज शारीरिक दंड न दे। हीरा और मोती भले इंसानों के प्रतीक हैं। इसलिए उनके कथन सभ्य समाज पर लागू होते हैं। असभ्य समाज में स्त्रियों की प्रताड़ना होती रहती थी। लेखक नारियों के सम्मान के पक्षधर थे। वे स्त्रियों तथा पुरुषों की समानता के पक्षधर थे।

---

**7. किसान जीवन वाले समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंधों को कहानी में किस तरह व्यक्त किया गया है ?**

**उत्तर:-** पशु आदिकाल से ही मनुष्यों के साथी रहे हैं।सभ्यता-संस्कृति के विकास मनुष्य और पशु एकदूसरे के पूरक हैं। किसान के लिए पशु तो वरदान के समान है। किसान हल चलाने, बोझ ढोने, पानी खींचने तथा सवारी करने के लिए पशुओं का प्रयोग करते है। झूरी हीरा और मोती को बच्चों की तरह स्नेह करता था। वह उन्हें अपनी आँखों से दूर नहीं करना चाहता था। इससे पता चलता है कि किसान अपने पशुओं से मानवीय व्यवहार करते हैं। किसान पशुओं को घर के सदस्य की भांति प्रेम करते रहे हैं और पशु अपने स्वामी के लिए जी-जान देने को तैयार रहते हैं।

---

**8. इतना तो हो ही गया कि नौ दस प्राणियों की जान बच गई। वे सब तो आशीर्वाद देंगे ' - मोती के इस कथन के आलोक में उसकी विशेषताएँ बताइए।**

**उत्तर:-** मोती के उक्त कथन के आलोक में उसकी निम्नलिखित विशेषताएँ प्रकट होती हैं -

1. मोती का स्वभाव उग्र होते हुए भी वह दयालु था।
2. मोती सच्चा मित्र है। वह मुसीबत के वक्त अपने मित्र हीरा का साथ नहीं छोड़ता।
3. मोती परोपकारी और बुद्धिमान है, तभी तो वह कांजीहौस में बंद जानवरों की जान बचाता है।
4. मोती साहसी है। वह हीरा की मदद से साँड़ को पराजित करता है।

---

5. मोती अत्याचार का विरोधी है इसलिए कांजीहौस की दीवार तोड़कर विरोध प्रकट किया था।

**आशय स्पष्ट कीजिए -**

**9.1 अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है।**

**उत्तर:-** हीरा और मोती बिना कोई वचन कहे एक-दूसरे के मन की बात समझ जाते थे। प्रायः वे एक दूसरे की भलाई की बातें सोचते थे। यद्यपि मनुष्य स्वयं को सब प्राणियों से श्रेष्ठ मानता है किंतु उसमें भी ये शक्ति नहीं होती कि वह दूसरों के मनोभावों को समझ सके,अकसर वह स्वार्थ के कारण भी किसी दूसरे का हित सोचना नहीं चाहता।

**9.2 उस एक रोटी से उनकी भूख तो क्या शांत होती; पर दोनों के ह्रदय को मानो भोजन मिल गया।**

**उत्तर:-** हीरा और मोती गया के घर बंधे हुए थे। गया ने उनके साथ अपमान पूर्ण तथा सौतेला व्यवहार किया था। इसलिए वे क्षुब्ध थे, परन्तु तभी एक नन्हीं लड़की ने आकर उन्हें एक रोटीदी। यद्यपि उससे हीरा-मोती की भूख कम नहीं हो सकती थी, तथापि उन्होंने बालिका के व्यवहार से प्रेम और अपनत्व का अनुभव कर लिया और प्रसन्न हो उठे क्योंकि प्रेम ही आत्मा का भोजन है।

**10. गया ने हीरा-मोती को दोनों बार सूखा भूसा खाने के लिए दिया क्योंकि -**

**क. गया पराये बैलों पर अधिक खर्च नहीं करना चाहता था।**

**ख. गरीबी के कारण खली आदि खरीदना उसके बस की बात न थी।**

**ग. वह हीरा-मोती के व्यवहार से बहुत दुखी था।**

**घ. उसे खली आदि सामग्री की जानकारी नहीं थी।**

**उत्तर:-** ग. वह हीरा-मोती के व्यवहार से बहुत दुखी था।

**• रचना-अभिव्यक्ति**

**11. हीरा और मोती ने शोषण के खिलाफ़ आवाज़ उठाई लेकिन उसके लिए प्रताड़ना भी सही। हीरा-मोती की इस प्रतिक्रिया पर तर्क सहित अपने विचार प्रकट करें।**

**उत्तर:-** हीरा और मोती शोषण के विरुद्ध हैं वे हर शोषण के विरुद्ध आवाज़ उठाते रहे हैं। उन्होंने झूरी के साले गया का विरोध किया तो सूखी रोटियाँ और डंडे खाए फिर काँजीहौस में अन्याय का विरोध किया और बंधन में पड़े। मेरे विचार से उन्होंने शोषण का विरोध करके ठीक किया क्योंकि शोषित होकर जीने का क्या लाभ।
शोषित को भय और यातना के सिवा कुछ प्राप्त नहीं होता।

**12. क्या आपको लगता है कि यह कहानी आज़ादी की कहानी की ओर भी संकेत करती है ?**

**उत्तर:-** यह कहानी अप्रत्यक्ष रूप से आज़ादी के आंदोलन से जुडी है यह कहानी दो बैलों से सम्बंधित है। दोनों बैल संवेदनशील और क्रांतिकारी भारतीय है। दोनों मिलकर आज़ादी पाने के लिए संघर्षरत रहते हैं। ये अपने देश (झूरी के घर) से बहुत प्रेम करते हैं। उन्हें दूसरे देश में (घर में) रहना पसंद नहीं। स्वदेश जाने के लिए वे हर बाधा का डटकर सामना करते हैं। भूखे - प्यासे रहना पड़ता है,

कैद में रहना पड़ता है। ये हमारे क्रांतिकारियों के उस संघर्ष याद दिला देते हैं जिसके परिणामस्वरूप हमें आजादी मिली ।

**• भाषा-अध्ययन**

**13. बस इतना <u>ही</u> काफ़ी है।**
**फिर मैं <u>भी</u> जोर लगाता हूँ।**
**'' ' ही ' , ' भी ' वाक्य में किसी बात पर ज़ोर देने का काम कर रहे हैं। ऐसे शब्दों को निपात कहते हैं। कहानी में पाँच ऐसे वाक्य छाँटिए जिनमें निपात का प्रयोग हुआ हो।**
**उत्तर:-** ' ही ' निपात -
1. एक ही विजय ने उसे संसार की सभ्य जातियों में गण्य बना दिया।
2. अवश्य ही उनमे कोई ऐसी गुप्त शक्ति था, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करनेवाला मनुष्य वंचित हैं।
3. नाँद में खली-भूसा पड़ जाने के बाद दोनों साथ ही उठते, साथ नाँद में मुँह डालते और साथ ही बैठते थे।
4. एक मूँह हटा लेता, तो दूसरा भी हटा लेता।
5. अभी चार ही ग्रास खाये थे दो आदमी लाठियाँ लिये दौड़ पडे, और दोनो मित्रों को घेर लिया।

**'** भी **'** निपात **-**
1. कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर हैं, लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ जाता हैं, किन्तु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना।
2. उसके चहरे पर एक स्थायी विषाद स्थायी रूप से छाया रहता हैं। सुख-दुःख, हानि-लाभ, किसी भी दशा में बदलते नहीं देखा।
3. चार बातें सुनकर गम खा जाते हैं फिर भी बदनाम हैं।
4. गाँव के इतिहास में यह घटना अभूतपूर्व न होने पर भी महत्वपूर्ण थी।
5. झूरी इन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था। उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे। यहाँ मार पड़ी।

**14.1 रचना के आधार पर वाक्य के भेद बताइए तथा उपवाक्य छाँटकर उसके भी भेद लिखिए -**
**दीवार का गिरना था कि अधमरे से पड़े हुए सभी जानवर चेत उठे।**
**उत्तर:-** मिश्र वाक्य
मुख्य उपवाक्य - अधमरे से पड़े हुए सभी जानवर चेत उठे।
गौण उपवाक्य - दीवार का गिरना था।

**14.2 सहसा एक दढियल आदमी, जिसकी आँखे लाल थी और मुद्रा अत्यन्त कठोर, आया।**
**उत्तर:-** मिश्र वाक्य
मुख्य उपवाक्य - सहसा एक दढियल आदमी आया।
गौण उपवाक्य - जिसकी आँखे लाल थी और मुद्रा अत्यन्त कठोर।

**14.3 हीरा ने कहा -गया के घर से नाहक भागे।**
**उत्तर:-** मिश्र वाक्य

मुख्य उपवाक्य - हीरा ने कहा।
गौण उपवाक्य - गया के घर से नाहक भागे।

**14.4 मैं बेचूँगा, तो बिकेंगे।**
**उत्तर:-** मिश्र वाक्य
मुख्य उपवाक्य - तो बिकेंगे।
गौण उपवाक्य - मैं बेचूँगा।

**14.5 अगर वह मुझे पकड़ता, तो मैं बे-मारे न छोड़ता।**
**उत्तर:-** मिश्र वाक्य
मुख्य उपवाक्य - मैं बे-मारे न छोड़ता।
गौण उपवाक्य - अगर वह मुझे पकड़ता।

**15. कहानी में जगह - जगह पर मुहावरों का प्रयोग हुआ है कोई पाँच मुहावरे छाँटिए और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**
**उत्तर:-**

| मुहावरा | वाक्य-प्रयोग |
|---|---|
| जी तोड़ काम करना | भारतीय किसान जी तोड़ काम करते हैं। |
| टाल जाना | सेठजी नौकर को मदद करने का झूठा आश्वासन देते रहें पर जरूरत पड़ने पर टाल गए। |
| जान से हाथ धोना | युद्ध में हजारों जवान जान से हाथ धो बैठते हैं। |
| नौ दो ग्यारह होना | पुलिस के आने की भनक लगते ही चोर नौ दो ग्यारह हो गए। |
| ईंट का जवाब पत्थर से देना | भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी टीम को ईंट का जवाब पत्थर से दिया। |